डा. अम्बेडकर आवास योजना के अधीन एकत्रित की गयी पंजीकरण राशि

1402. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डा० अम्बेडकर आवास योजना के अधीन पंजीकृत व्यक्तियों से राशि के साथ कोई अप्रतिदेय राशि भी एकत्रित की गई है ;

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि एकत्रित की गई और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण पंजीकरण के समय ऐसी धनराशि साधारण श्रेणी के व्यक्तियों से भी एकत्रित करता रहा है ?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) से (ग) जी, हां । प्रत्येक आवेदक के क्रियाविधि शुल्क के रूप में 200 रुपये एकत्र किए गए हैं । आवेदनों पर कार्रवाई सरल और कारगर करने के प्रयोजनार्थ एक बाहरी कम्प्यूटर एजेन्सी जो न केवल ड्रा ही निकालेगा अपितु सभी पंजीकृत व्यक्तियों को लैमिनेट युक्त कार्ड भी जारी करेगा, यह पहली बार किया गया है इससे अन्य बातों के साथ-साथ ड्रा में असफल रहने वालों को राशि शीघ्र वापस करना सम्भव होगा ।

दिल्ली में डा. अम्बेडकर आवास योजना

1403. श्रीमती सत्या बहिन : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) दिल्ली में डा० अम्बेडकर आवास योजना के अंतर्गत पंजीकृत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों की श्रेणीवार संख्या कितनी-कितनी है ;

(ख) इस योजना के अधीन पंजीकृत व्यक्तियों को कब तक और कहां मकान आवंटित किये जाने की संभावना है ; और

(ग) क्या देश में किसी अन्य बड़े शहर में कोई योजना कार्यान्वित की गई है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) अम्बेडकर आवास योजना के अन्तर्गत अभी तक किसी व्यक्ति को पंजीकृत नहीं किया गया है । तथापि, इस योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों का विश्लेषण इस प्रकार है :–

श्रेणी	आवेदन पत्रों की संख्या
मध्यम आय वर्ग	6,160
निम्न आय वर्ग	18,024
जनता	8,716
योग :	32,900

(ख) प्राथमिकता सूची बनाने हेतु लाटरी निकाले जाने को प्रतिष्ठित दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्थगित कर दिया है।

(ग) जी, नहीं ।

उत्तर प्रदेश में नई रेलवे लाइनों का बिछाया जाना

1404. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में कितनी नई रेलवे लाइनें बिछाये जाने का प्रस्ताव है जिनके लिए निर्णय किया जा चुका है या किया जा रहा है ?

रेल मंत्री (श्री जार्ज फर्नांडीस) : उत्तर प्रदेश में तीन नई रेल लाइनें बिछाने का प्रस्ताव है, जिनमें से दो लाइनें आंशिक रूप से उत्तर प्रदेश में और एक पूरी उत्तर प्रदेश में है ।

Number of catering stalls/contracts functioning at Railway stations

1405. SHRIMATI SATYA BAHIN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the number of catering stals/contracts functioning at Railway stations in category 'A' and 'B' cities in the country